प्रेस नोट

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 09.02.2025 को जनपद में अपराधियों के विरूद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः-

- ❖ थाना रूरा पुलिस द्वारा अभियुक्त हर्षित यादव उर्फ छोटू पुत्र कृष्ण मुरारी निवासी ग्राम बनवारीपुरवा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद होने के संबंध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 41/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- ❖ थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा अ0सं0 54/25 धारा 69/115(2)/352/351(2)/333/3(5) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त शिवेश उर्फ मंगल पुत्र स्व0 लाखनसिंह निवासी वार्ड नं0 11 गांधीनगर कस्बा व थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद मे शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 23 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा 11 व्यक्तियों, थाना रूरा पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना रनियां पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना गजनेर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों, थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।